वर्ष-07, अंक - 102 | सोमवार, 25 सितंबर 2023 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



# सावधानः हमीदिया अस्पताल में इलाज पाने के लिए लगते हैं 5 घंटे!

**मुख्यमंत्री, मंत्री से लेकर अधिकारी भी नहीं सुधार पाए हमीदिया अस्पताल का ढर्रा**

**आवारा कुत्ते के काटने के बाद शाम को पहुंचे बच्चे को रात 12 बजे मिला इलाज**




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

यदि आप या आपके परिवार में किसी को हेल्थ इमरजेंसी पड़ गई और और तुरंत इलाज की जरूरत है तो पूरी तरह हमीदिया अस्पताल के भरोसे रहना ठीक नहीं है। यहां इलाज पाने के लिए कई बार 5-5 घंटे का समय लगता है।

शनिवार शाम को एक बच्चे के साथ यह घटना घटित हुई है, इसके पहले भी समय पर इलाज नहीं मिलने और देरी होने के कई मामले सामने आ चुके हैं। इस बिगड़ैल रवैये को मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री और अधिकारी भी नहीं सुधार पा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि गौतम नगर निवासी मोहनलाल के 10 वर्षीय बेटे अमन अपनी मां और भाई के साथ पैदल जा रहे थे। राजाभोज सेतु के पास आवारा कुत्तों ने अमन और उसकी बहन पर हमला कर दिया। इस हमले में अमन के माथे और आंख के ऊपर गंभीर घाव आए। परिजन अमन को लेकर शाम करीब 7 बजे हमीदिया अस्पताल पहुंचे थे। यहां पर्चा बनाकर सबसे पहले इमरजेंसी मेडिसिन डिपार्टमेंट भेजा गया। फिर ब्लाक-2 में जाने की सलाह दी। यहां से कमला नेहरू स्थित पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग भेजा गया। जहां डाक्टर ने रैबीज इंजेक्शन नहीं होने की बात कही और पर्चे पर कुछ दवाएं लिखकर चलता कर दिया। दवा काउंटर पर पहुंचे तो वहां दवाएं भी नहीं। ऐसे में परिजन बिना इलाज वापस लौट रहे थे और मुख्यद्वार पर अमन अपनी मां के साथ सड़क किनारे बैठा था। बुखार के कारण कांप रहे था उसकी यह हालत देख देख शबूर खान और उसके साथियों ने पूछताछ की तो पूरी बात पता चली। जिस पर रात करीब 9 बजे उनको दोबारा हमीदिया अस्पताल लेकर गए। यहां उन्हें फिर से एक से दूसरे विभाग भेज गया। अंत में इमरजेंसी डिपार्टमेंट में मौजूद सीएमओ के पास आए। विवाद होता देख सीएमओ ने पर्चे पर इंजेक्शन लिखा जो अमृत फार्मेसी से खरीदा गया। इसके बाद रात में करीब 12 बजे अमन को रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया और पट्टी कराई गई।

### 30 सितंबर को एयरफोर्स की 91वीं वर्षगांठ

# एयर-शो से पहले लड़ाकू विमानों ने दिखाई ताकत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एयर-शो से पहले लड़ाकू विमानों ने रविवार को भोपाल के आसमान पर ताकत दिखाई। यह शो के पहले से की गई रिहर्सल थी। जिसमें विमानों को आसमान पर उड़ाया गया। इनमें ताकतवर और अत्याधुनिक विमानों को शामिल किया गया। ये जमीन से बहुत कम उंचाई पर उड़ान भरते देखे गए। इनकी गड़गड़ाहट काफी अधिक महसूस की गई। यह एयर-शो 30 सितंबर को एयरफोर्स की 91वीं वर्षगांठ के अवसर होना है, जो भोपाल में होने वाला पहला एयर-शो होगा।



## बड़े तालाब के उपर देखे गए ज्यादातर विमान

रिहर्सल के दौरान ज्यादातर विमान बड़े तालाब के उपर उड़ान भरते देखे गए। यह एयर-शो दोपहर करीब एक बजे शुरू हो गया था। उल्लेखनीय है कि एयर-शो में में एसयू-30, मिराज 2000, जगुआर, एलसीए तेजस, हाक्स, हेलीकाप्टर चिनूक, एमआई-17 वी5, चेतक, एएलएच, परिवहन विमान सी-130 और आईएल 78 समेत 50 लड़ाकू विमान शामिल होंगे। इसके साथ ही सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम, सारंग हेलीकाप्टर डिस्प्ले टीम और आकाश गंगा टीमें भी कार्यक्रम में प्रदर्शन करेंगी। इसकी फुलड्रेस रिहर्सल 28 सितंबर को होगी।

## बोट क्लब व वीआईपी रोड पर खड़े होकर देख सकेंगे एयर-शो

इस एयर-शो को आम जन बोट क्लब और वीआईपी रोड पर खड़े होकर आसानी से देख सकते हैं। इनका केंद्र बिंदू यही क्षेत्र होगा। इसके अलावा भी आसपास के क्षेत्रों के लोग अपने घरों की छतों से शो देख सकेंगे। अधिकारियों के मुताबिक 17 एयरप्लेन स्टैंड-बाय मोड पर रखे जाएंगे। शो में आगरा, ग्वालियर और गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से फाइटर प्लेन उड़ान भरकर राजधानी पहुंचेंगे।

## लोगों ने मोबाइल में कैद की आवाजें, बनाए वीडियो

लोगों को एयर-शो की जानकारी विमानों की गड़गड़ाहट से मिल गई थी। लोगों ने इनकी आवाज को मोबाइल में कैद किया तो वीडियो भी बनाए। कुछ लोगों ने विमानों ने इस साहसिक काम को सैल्यूट भी किया। पुराने भोपाल के निशातपुरा, नारियलखेड़ा, शाहजहांनाबाद और टीलाजमालपुरा क्षेत्र में जहाज को बहुत ही नजदीक से देखा गया। ये विमान रंगीन धुआं छोड़ रहे थे। हवा में कलाबाजियां दिखा रहे थे।

## राज्यपाल मुख्य अतिथि, रक्षामंत्री भी होंगे शामिल

एयर-शो में मुख्य अतिथि मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वायु सेना प्रमुख मार्शल वीआर चौधरी, वायु सेना प्रमुख, एयर मार्शल विभास पांडे एओसी-इन-सी, मुख्यालय रखरखाव कमान और अन्य वरिष्ठ सैन्य एवं नागरिक गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे।

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन

# अब तक हुए 8 हजार विद्यार्थियों के पंजीयन, आज अंतिम तारीख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूली छात्रों की विज्ञान के प्रति रूचि जाग्रत करने के उद्देश्य से विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। विज्ञान मंथन के लिए अब तक मध्यप्रदेश से करीब 600 विद्यालयों से 8 हजार विद्यार्थियों द्वारा पंजीयन किया गया है। प्रतिभागी 25 सितंबर तक पजींयन करा सकेंगे। इसमें कक्षा 6वीं से 11वीं तक के स्टूडेंट्स हिस्सा ले सकते हैं।



विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) 2023-24 विज्ञान भारती (विभा), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, विज्ञान संग्रहालय (एनसीएसएम), भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। विजेताओं के लिए देश के विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में एक्सपोजर विजिट आयोजित किया जाएगा।

## प्रारंभिक परीक्षा 29 और 30 अक्टूबर 2023 को होगी

विद्यार्थी विज्ञान मंथन की प्रारंभिक परीक्षा 29 और 30 अक्टूबर 2023 को होगी। ऑनलाइन होने वाली यह परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू होगी। विद्यार्थी विज्ञान मंथन के प्रदेश संयोजक डॉ राकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि राज्य स्तरीय परीक्षा नवंबर-दिसंबर 2023 में होगी। वहीं, राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 18 और 19 मई 2024 को होगी।

## भोज मुक्त विश्वविद्यालय को नैक से मिला 'ए' ग्रेड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से 'ए' ग्रेड मिल गया है। विवि को 7 पॉइंट के पैमाने पर 3.08 अंकों के साथ 'ए' ग्रेड मिला है, जो 5 वर्षों के लिए मान्य होगा। इस दौरान विवि को प्रति वर्ष वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन नैक में जमा करनी होगी।

**नैक पियर टीम ने 11 से 13 सितंबर तक किया था विवि का निरीक्षण**

नैक पियर टीम ने 11 से 13 सितंबर को विवि का निरीक्षण किया था।

उल्लेखनीय है कि भोज विवि में दूरदर्शन से लेक्चर चलवाकर क्लासें चलवांइ, यू-ट्यूब पर स्टडी मैटेरियल के पीडीएफ अपलोड करवाए ताकि ऑफलाइन स्टडी मैटेरियल की कमी दूर हो सके। इसके अलावा विशेषज्ञों से दूरस्थ शिक्षा और कंपनियों की मांग के अनुसार स्टडी मैटेरियल और किताबों का प्रकाशन कराया। इसके साथ ही रिक्रूटमेंट कराकर समय से एग्जाम कराए। करीब डेढ़ सौ ऑनलाइन कोर्स शुरू करने और छात्र सुविधाएं बढ़ने के कारण दर्ज संख्या में इजाफा हुआ। इसी का परिणाम है कि नैक ने 'ए' ग्रेड प्रदान किया है। कुलपति प्रो. संजय तिवारी एवं कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने प्राध्यापकों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि 'ए' ग्रेड प्राप्त होने से विश्वविद्यालय अपने अकादमिक उत्कृष्टता के साथ दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा को प्रदेश के कोने-कोने में पहुंचाने में सफल होगा।

## बोरवन क्लब ने रोपे 11 पौधे, अभियान जारी

**हिरदाराम नगर।** बोरवन का जन्म दिन पर पौधारोपण अभियान जारी है। भाजपा नेता साहिल के जन्मदिवस पर बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने पौधरोपण किया, जिसमे 11 पौधे लगाकर पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर शेट्टी चंदनानी, कन्हैया लाल इसरानी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष हिमांशु चौकीकर मौजूद थे।

### गुरूनानक मंडल ने मनाया बेटी दिवस

# बेटियों के साथ सुनी मन की बात, उपहार दिए



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बेटी दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात भाजपाइयों ने बेटियों के साथ सुनी और उपहार भेंट किए। गुरू नानक मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरजा ने कहा कि बेटी भार नहीं आधार है, जीवन उसका अधिकार है।

ईदगाह हिल्स मल्टी प्रांगण में गुरु नानक मंडल के कार्यकर्ताओं ने बेटियों ने साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुना। इस अवसर पर कुकरेजा ने बेटियों को उपहार वितरित किए। उपाध्यक्ष भगवान दास ढालिया ने बेटी दिवस पर कविता सुनाई। उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम सशक्त नारी की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह ठाकुर, सुनील सराठे, राजकुमारी डागोर, सुनील नीलकंठ, शुभम श्रीवास, प्रभात मालवीय, आदि उपस्थित थे।

## मोदी की मन की बात सुनी भाजपाइयों ने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात संतनगर मंडल के बूथ 94 धोबीघाट पर भाजपाइयों ने सुनी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत ने 25 सितम्बर दीनदयाल उपाध्यायजी की जयंती पर भोपाल जम्बूरी मैदान पर होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ में कार्यकर्ताओं से चलने का आव्हान किया। राजपूत ने कहा, यह गौरव का क्षण है पूरे विश्व को एक मंच पर लाने वाले नरेंद्र मोदी हम सबके बीच में आने वाले हैं। हम सबकों उन्हे सुनने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष सुमिता आहूजा ,बूथ महामंत्री महामंत्री किशोर पहलाजानी ,लोकेश बैरागी ,सुरेश राठौड़,सचिन तिवारी गौरव सोनी श्रीराम कांबले , चिराग लोदी पप्पू जैन आदि मौजूद थे



## तीन पीढियों तक के नवसाक्षरों ने एक साथ दी परीक्षा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का रविवार को राजधानी में आयोजन किया गया। परीक्षा में तीन पीढियों तक के नवसाक्षरों ने एक साथ परीक्षा दी। कुल अपेक्षित 8500 असाक्षरों में से लगभग 80 प्रतिशत नव साक्षर परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें बीआरसी, संकुल सह समन्वयक जन शिक्षक, नोडल अधिकारी एवं अक्षर साथियों, सहारा साक्षरता, डाइट भोपाल के छात्र-छात्राओं के सहयोग से नव साक्षरों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दिलाने की व्यवस्था की गई। नव परीक्षा मूल्यांकन के बाद उत्तीर्ण नव साक्षरों को पास होने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### मेट्रो एंकर

### गांधीनगर जाने वाली रोड पूरी तरह तब्दील हो रही मार्केट में

# संतनगर में फ्लाई ओवर से पटरी पार प्रापर्टी की कीमतों में उछाल

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के फाटक रोड पर फ्लाई ओवर के आकार लेने से पटरी पार प्रॉपर्टी की कीमतों में उछाल आया है। कारोबार की संभावना के चलते गांधीनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर दुकानें खुल गई हैं। डिजाइन में बदलाव से एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों के रहवासी सीधे स्टेशन भी पहुंच सकेंगे।

आने वाले समय में ईएमई सेंटर से गांधीनगर की तरफ जाने वाली रोड कारोबारी हो जाएगी। रोड के दोनों ओर सड़क पर ऊपर मकान, नीचे दुकानों का निर्माण तेजी से हो रहा है। छोटी-मोटी जरूरतों के लिए पटरी के इस पार आने की जरूरत लोगों को नहीं होगी। रोड पर मिक्स मार्केट तैयार हो रहा है। खाने-पीने की दुकानों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।



## तेजी से बड़ी बसाहट

वैसे तो एयरपोर्ट की ओर जाने वाला मार्ग बंद होने के बाद से ही रोड पर दुकानें बनने लगी थीं। बीते एक दशक में पटरी पर रहवासी इलाकों की संख्या में तेजी आई है। संतनगर के सामांतर बसाहट हो गई है। ब्रिज की शुरूआत होने के बाद पूरे इलाके में जमीन और प्रापर्टी के रेट बढ़े हैं। ब्रिज से पहले फाटक पर अटकने की समस्या के चलते लोग यहां मकान लेने से बचते थे। ब्रिज बनने के बाद और उछाल आने की संभावना है।

## 27 करोड़ से बन रहा आरओबी

उपनगर में फ्लाइओवर का काम लोक निर्माण विभाग की सेतु शाखा कर रही है। करीब 800 मीटर लंबा आरओबी 27 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जा रहा है। 12 मीटर चौड़ाई वाले ब्रिज का पटरी के इस पार यानी फाटक रोड पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। दूसरी ओर भी गड्ढे खोदकर पिलर का काम होने लगा है।

## डिजाइन में बदलाव

लोक निर्माण विभाग के डिजाइन में बदलाव करने से ब्रिज का एक हिस्सा स्टेशन छोर पर खुलेगा। सीटीओ, पूजाश्री नगर, कैंप नंबर 12, सत्यम कालोनी एवं देवलोक कॉलोनी सहित आसपास की एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों के रहवासी सीधे स्टेशन तक पहुंच सकेंगे। ऐसा होने से स्टेशन तक पहुंचने के वैकल्पिक मार्ग की कमी पूरी हो जाएगी।

## प्रापर्टी की कीमत बढ़ी

*ब्रिज न होने से पटरी के इस बार रहने आने से लोग बचते थे। हालांकि बिल्डरों ने काफी बसाहट की है। फाटक रोड पर ब्रिज का निर्माण होने से यह इलाका लोगों की पसंद बन रहा है। प्रॉपर्टी के रेड भी बढ़े हैं आगे भी बढेंगे।*

***पृथ्वी राज त्रिवेदी** रहवासी*

*ब्रिज बनने के बाद गांधीनगर की ओर जाना वाला सड़क व्यस्ततम सड़क होगी। ब्रिज न होना बहुत बड़ी समस्या था। सात दशक की जरूरत पूरी होती नजर आ रही है। रहवासी कॉलोनियां बनने से छोटा बाजार भी आकार लेने लगा है।*

***रवि संतानी,** निवासी सीटीओ*

भाद्रपद शुक्ल पक्ष-10, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 102 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

25 सितंबर 2023 सोमवार

आज का मौसम

31 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### विधानसभा चुनाव के लिए कॉडर को दिया मंत्र, कांग्रेस को बताया जंग लगा लोहा

# मोदी के फोकस में फर्स्ट टाइम वोटर्स बोले-मौका कांग्रेस के हाथ न जाने दें

## जंबूरी मैदान पर भाजपा का कार्यकर्ता महाकुंभ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भाजपा कार्यकर्ताओं को 'महाचुनाव' के लिये तैयार रहने के मंत्र दिये। जंबूरी मैदान में कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को आज सीधे फोकस में रखा व कहा कि 'बीस वर्ष के युवाओं ने कांग्रेस शासनकाल में मप्र की दुगर्ति नहीं देखी है,जिसमें कुशासन,भ्रष्टाचार था। लिहाजा मैं फर्स्ट टाइम वोटर्स को जरूर बताना चाहता हूं कि वे घर जाकर अपने माता पिता या दादा नाना से पूछें कि उन्हें अभाव में रखने व मुसीबत में जीने के लिये मजबूर करने वाली पार्टी ही कांग्रेस है।' मोदी के आज के भाषण में दर्जनों बार कांग्रेस शब्द आया और उन्होंने मप्र की दुगर्ति का जिम्मेदार कांग्रेस को कई बार बताया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने समर्थ युवाओं वाले मप्र को बीमार बना दिया था। युवाओं ने खराब कानून व्यवस्था नहीं देखी। खस्ताहाल सड़के नहीं देखीं,अंधेरे में डूबे शहर गांव नहीं देखे। अब भाजपा सरकार ने विकास का रास्ता बनाया है तो युवाओं को देखना होगा कि विकास की गाड़ी अटके व भटके नहीं।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टी, भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण वाली पार्टी को जरा भी मौका मिला तो मप्र को बड़ा नुकसान होगा। कांग्रेस जहां रही, वहां राज्य को बर्बाद कर दिया है। मप्र को कांग्रेस के हाथ में नहीं जाने दें। वह फिर मप्र को बीमारू बना देगी। कांग्रेस जंग लगा लोहा है। वह तो यूपीआई की भी विरोधी,चौड़ी सड़कें,ब्रिज,का भी विरोध करती है। भाजपा ने नया संसद भवन बनाया मगर उसका भी पहले दिन से विरोध कर रही है। जबकि भाजपा ने वंचितों को वरीयता दी है,योजनाओं का लाभार्थी बनाया है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह करीब ग्यारह बजे राजाभोज एयरपोर्ट पहुंचे। 2013 से भाजपा हर 5 साल में जंबूरी मैदान पर कार्यकर्ता महाकुंभ कर रही है। मोदी तीसरी बार इसके मुख्य वक्ता रहे। भाजपा का दावा है कि कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रदेश भर से 10 लाख लोग शामिल हुए हैं। जंबूरी मैदान में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले आधा किमी का रोड शो किया। इसके लिए सभास्थल पर ही मार्ग तैयार किया गया।



### भाजपा के विजन का केंद्र है मप्र

मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश सिर्फ भाजपा के विचार का ही नहीं, विकास के विजन का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। कांग्रेस के घमंडिया गठबंधन ने मजबूरी में नारी शक्ति बिल को समर्थन दिया,इसमें भी कमी निकालने का प्रयास करते रहे। अब यह नया खेल खेलेंगे यह नारी शक्ति को बांटने की कोशिश करेंगे,इसलिये हर महिला को सावधान रहना होगा। उन्होंने अपनी व राज्य की भाजपा सरकारों की उपलब्धि बताते हुए कहा कि 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकाले हैं । यह मोदी गारंटी का नतीजा है, वह जमीन पर उतरती है।



### दो तिहाई बहुमत से जीत का संकल्प दिलाया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा भेजी गई योजना को पूरा नहीं किया। नाथ सरकार ने दो लाख गरीबों के मकान की योजना को लौटा दिया तो जलजीवन मिशन भी पूरा नहीं किया। चौहान ने दावा किया कि भाजपा फिर से दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। अब कार्यकर्ता दो महीने भाजपा के प्रचार के लिये दें,अपने बूथ पर सक्रिय रहें तथा लोकसभा चुनाव में भी मप्र की पूरी 29 सीटें जीतने के लिये जुटने को कहा। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संकल्प भी दिलाया।

### छह महीने में 7वां, 15 दिन में दूसरा दौरा

विस चुनाव में भाजपा के लिये 'संवेदनशील' माने जा रहे मप्र में पीएम मोदी का पिछले महीने में यह 7वां दौरा है। वे हाल में 14 सितंबर को वे सागर के बीना आए थे। यहां उन्होंने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पेट्रो केमिकल प्लांट की आधारशिला रखी थी। अगले महीने 5 अक्टूबर को भी पीएम का जबलपुर में दौरा प्रस्तावित है।

- **1 अप्रैल (भोपाल) :** पीएम ने भोपाल-दिल्ली वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई।
- **25 अप्रैल (रीवा):** पंचायती राज सम्मेलन में शामिल।
- **27 जून (भोपाल):** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।
- **1 जुलाई (शहडोल):** राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 लॉन्च
- **12 अगस्त (सागर):** संत रविदास मंदिर और स्मारक की आधारशिला रखी।
- **14 सितंबर (बीना):** बीना रिफाइनरी में पेट्रो केमिकल प्लांट की आधारशिला रखी।
- **25 सितंबर (भोपाल):** कार्यक्रम का महाकुंभ ।

**महाकुंभ के लिए भोपाल आ रहे भाजपा कार्यकर्ता घायलः** आज कसरावद के पास शारदा गांव में बस रोड पर खड़े ट्रक में घुसने की खबर है। इसमें सवार भाजपा कार्यकर्ता भोपाल में महाकुंभ में शामिल होने खरगोन से आ रहे थे। इसी दौरान कार्यकर्ता और समर्थकों की बस रोड पर खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में 39 कार्यकर्ता घायल हुए हैं। इनमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह कार्यकर्ता रायसागर, खापर, जामली और रूपगढ़ के रहने वाले हैं।

### शिवराज के झूठ से पीएम भी त्रस्तः बोले नाथ



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल आने से ठीक पहले आज मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट किया व लिखा कि - 'शिवराजजी, आज आप जरा धीरज से काम लीजिएगा। प्रधानमंत्री जब भी मध्यप्रदेश आते हैं, तो आप उन्हें अपने किसी न किसी झूठ में शामिल करा लेते हैं। इसीलिए उन्होंने पूरे चुनाव अभियान से आपको बाहर कर दिया है। आप देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं, जो मुख्यमंत्री तो हैं, लेकिन मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं हैं।' नाथ ने कहा कि रीवा में आपनेपीएम के सामने बोल दिया कि किसानों की आमदनी दोगुनी से अधिक हो गई है, जबकि नीति आयोग की रिपोर्ट में मध्यप्रदेश के किसानों की आमदनी घटी थी। भोपाल में आपने उन्हें गलत परचा पकड़ा दिया और वे मध्यप्रदेश में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए लीटर से कम बता गए। इसी तरह गैस सिलेंडर की कीमतों पर भी आपका झूठ प्रधानमंत्री से टकरा रहा है। आप देते किसी को नहीं, लेकिन कहते हैं कि सिलेंडर 450 रुपए का देंगे। वहीं,पीएम कहते हैं कि सिलेंडर 900 रुपए का देंगे।*

## खेला! महाजुटान से दूर नीतीश, पटना में दीनदयाल जयंती समारोह में

**पटना,नई दिल्ली,एजेंसी।** विपक्षी एकता के सूत्रधार बने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज हरियाणा के कैथल में होने वाले आज इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के कार्यक्रम से दूरी बना ली है। यह कार्यक्रम इनेलो पूर्व उपमुख्यमंत्री ताऊ देवीलाल की जयंती पर कर रही है जिसमें विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेता भी पहुंच रहे हैं।



बताया जाता है कि नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम में जाने की बजाय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह में जाने का फैसला किया है जिसका आयोजन पटना में किया जा रहा है। नीतीश के इस कदम को सियासत से जोड़कर देखा जा रहा है और इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। जेडीयू की प्रतिक्रिया भी आई है व प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार पुरखों का सम्मान करते हैं। वैसे नीतीश ने आज ही कैबिनेट बैठक भी बुलाई है जबकि बिहार में आमतौर पर कैबिनेट की बैठक मंगलवार को होती है। कल वे जेडीयू दफ्तर पहुंचे थे वहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर राबड़ी देवी के आवास चले गए थे।

## मानसूनः औसत बारिश अब महज 0.2 फीसद कम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मानसून का आखिरी दौर में भी मप्र समेत बिहार, झारखंड, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में आज कई स्थानों पर भारी व कुछ जगह हल्की बारिश के



आसार हैं। हालियो दो दौर के बाद मप्र में मानसून का औसत स्तर लगभग छू लिया है। वहीं मौसम विभाग ने आज पूर्वी भारत में 2 से 3 दिनों में हल्की से मध्यम बारिश की बात कही है। विभाग के मुताबिक, बिहार, कोंकण, गोवा, दक्षिण गुजरात क्षेत्र, मध्य महाराष्ट्र और उत्तर आंतरिक कर्नाटक में सोमवार को भारी से भी बहुत भारी बारिश होने की आशंका है।

इधर सितंबर में आए बारिश के दो दौर से मप्र तरबतर है। इस साल अगस्त सूखा गया। सितंबर में बारिश का पहला दौर आने के पहले तक प्रदेश के 29 जिले सामान्य से कम बारिश की कैटेगरी में थे। अब यह आंकड़ा घटकर 6 जिलों तक सिमट गया है। इस 6 सितंबर को बारिश का पहला दौर आया था। दूसरा दौर 21 सितंबर से शुरू हुआ था। मप्र में जून से अब तक 36.75 इंच बारिश हो चुकी है। औसत बारिश का आंकड़ा 36.81 इंच है। इस हिसाब से महज 0.2 प्रतिशत बारिश ही कम है। भोपाल समेत प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में अभी दो-तीन दिन कहीं हल्की और कहीं मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी संभावना है। बंगाल की खाड़ी में मानसूनी सिस्टम बनने की संभावनाओं के चलते 28 सितंबर से बारिश का एक दौर और आ सकता है।

## भारत की झोली में अब 10 पदक



**नई दिल्ली एजेंसी।** एशियाई खेलों में पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने देश को पांच पदक दिलाए। वहीं आज दूसरे दिन शूटिंग टीम ने भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अब महिला क्रिकेट टीम देश को एक और स्वर्ण पदक दिला सकती है। फिलहाल भारत के पदकों की कुल संख्या 10 हो चुकी है। महिला क्रिकेट टीम स्वर्ण पदक के लिए श्रीलंकाई टीम से भिड़ेगी। भारतीय टीम ने पहली बार इन खेलों के फाइनल में प्रवेश किया है । इस मैच में भारत की नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर भी वापसी करेंगी। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में अभद्र व्यवहार के चलते उन पर दो मैच का बैन लगा था। इसी वजह से वह मलयेशिया और बांग्लादेश के खिलाफ मैच में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं थीं और स्मृति मंधाना ने भारत की कप्तानी की। **पेज 7 भी देखें**

## मानहानि मामले में बयान दर्ज कराने दिग्विजय पहुंचे कोर्ट



**ग्वालियर।** राज्यसभा सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मानहानि मामले में बयान दर्ज कराने ग्वालियर कोर्ट पहुंचे हैं। दरअसल वर्ष 2019 में भिंड में दिग्विजय ने बीजेपी, आरएसएस और बजरंग दल पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप लगाए थे। इस पर वकील अवधेश सिंह भदौरिया ने दिग्विजय सिंह के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। ग्वालियर जिला न्यायालय की विशेष अदालत में इस मामले की सुनवाई चल रही है। पिछली सुनवाई में दिग्विजय उपस्थित नहीं हो सके थे। उन्होंने व्यस्तता को इसका कारण बताया था। गैरहाजिरी का आवेदन कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

## कार हादसे में 5 सरकारी अफसरों की गई जान

**उमरिया एजेंसी।** पाली रोड पर देर रात दो बजे एक कार पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में खनिज विभाग शहडोल में पदस्थ निरीक्षक पुष्पेंद्र त्रिपाठी, लोक सेवा प्रबंधक अविनाश दुबे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। त्रिपाठी के रिश्तेदार रीवा से शहडोल आए हुए थे। इन्हीं का जन्मदिन मनाने ये ढाबे गए थे। वापस आते समय कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार में सवार शहडोल में पदस्थ पुष्पेंद्र त्रिपाठी खनिज इंस्पेक्टर, अवनीश दुबे जिला प्रबंधक लोक सेवा शहडोल, प्रकाश जगत जिला पंचायत शहडोल, दिनेश सारीबा सब इंजीनियर गोहपारू और रीवा से आए अमित शुक्ला सवार थे, जिनकी मौत हुई है।

## भड़के अधीर : तीन लाख के कमरे में क्यों रुकीं ममता

**कोलकाता एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के स्पेन दौरे पर कांग्रेस नेता सांसद अधीर रंजन चौधरी ने सवाल उठाए हैं। चौधरी ने कहा कि जब राज्य में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं तो ऐसे समय में सीएम ममता बनर्जी विदेश कैसे जा सकती हैं। वह लोगों का दर्द नहीं समझ रही हैं। चौधरी ने ममता के स्पेन में एक लग्जरी होटल में ठहरने पर भी सवाल खड़े किए व कहा कि हमने सुना है कि सीएम सैलरी नहीं लेतीं और वह अपनी किताबों और पेंटिग्स को बेचकर अपने खर्चे चलाती हैं। ऐसे में वह कैसे मैड्रिड के लग्जरी होटल में ठहर सकती हैं, जिसका किराया तीन लाख रुपये प्रति दिन है? गौरतलब है कि बंगाल की राजनीति में चौधरी व ममता के बीच कई बार टकराव होता रहा है।



**मेट्रो एंकर**

### चार दिनों से इसरो लगातार दे रहा आवाजें...

# उम्मीदें धुंधली, चांद पर नींद नहीं टूट रही विक्रम-प्रज्ञान की

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

चांद पर सबेरा हुए यानि सूरज निकले चार दिन हो गए हैं लेकिन चांद पर मौजूदा भारतीय चंद्रयान के 'जागने' के अब तक कोई संकेत नहीं मिले हैं। इसरो ने उसे काफी आवाजें दी हैं लेकिन जवाब में अब तक कुछ भी नहीं सुना। ऐसे में चांद की सतह पर अपने दोनों हीरोज विक्रम व प्रज्ञान के दूसरी पारी खेलने की उम्मीद धुंधली होती जा रही है। बता दें कि चांद पर 14 दिन तक रात और इतने ही दिन सबेरा रहता है। रात के चौदह दिन यहां तापमान शून्य से भी 200 डिग्री नीचे जा पहुंचता है।

इसीलिये चांद पर जैसे-जैसे दिन गुजर रहे हैं, पौने चार लाख किमी दूर धरती पर भारतीयों के दिलों में धुकधुकी बढ़ती जा रही है। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या रोवर प्रज्ञान और विक्रम लैंडर हमेशा के लिए सो गए हैं? यह सवाल लोगों को इसरो के ट्विटर हैंडल, न्यूज वेबसाइट, टीवी चैनलों पर खींच रहा है। वे इस अपडेट का इंतजार कर रहे हैं कि काश ! कोई चमत्कार हो और चांद पर वे दोनों फिर से उठ खड़े हों।

इस वक्त तमाम आशंकाओं के बीच इसरो वैज्ञानिकों की एक बात हौसला बढ़ा रही है। क्योंकि इसरो ने कहा है कि वह पूरे 14 दिन तक चंद्रयान-3 के अपने विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर से संपर्क करने की कोशिश करता रहेगा। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि सूरज की रोशनी बढ़ने पर सोलर बैटरियां अच्छी तरह से चार्ज होंगी और वे दोनों धरती पर सिग्नल भेजने लगेंगे। कल्पना की जा रही है कि जल्द ही कुछ ऐसा हो कि इसरो को अचानक मैसेज मिले- ' हैलो ISRO ! मैं आपको सुन पा रहा हूं...।'



### 6 अक्टूबर तक का वक्त

माना जा रहा है कि इसरो 6 अक्टूबर तक रोवर और लैंडर के जागने का वेट करता रहेगा। क्योंकि इसके बाद चांद पर अगला सूर्यास्त होगा और वहां अंधेरा छाने के साथ उम्मीद भी खत्म हो जाएगी। इसरो चेयरमैन एस सोमनाथ का कहना है कि अभी उम्मीद बाकी है और हम पूरे लुनार डे यानी धरती पर 14 दिन के बराबर समय तक इंतजार करेंगे क्योंकि वहां लगातार सूरज की रोशनी पड़ती रहेगी और तापमान बढ़ता जाएगा। जैसे-जैसे टेंपरेचर बढ़ेगा सिस्टम के एक्टिव होने की उम्मीद भी बढ़ेगी। उम्मीद है कि प्रज्ञान और विक्रम 14वें दिन भी धरती को सिग्नल भेजने लगें। साइंटिस्टों का कहना है कि यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि कब क्या हो सकता है।

### सखी मंचन की महिलाओं ने मुख्यमंत्री के प्रति माना आभार

# अविवाहित महिलाओं को लाड़ली बहना योजना में शामिल करने पर पटाखे फोड़ कर मिठाइयां बांटी

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

सामाजिक क्षेत्र और महिलाओं के लिए समाज में काम कर रही सिवनी मालवा की सखी मंच ने लाडली बहना योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से कम आयु की अविवाहित महिलाओं को लाड़ली बहना योजना में शामिल करने की मांग की थी। अविवाहित महिलाओं को योजना में शामिल करने पर सखी मंच ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पटाखे फोड़े और आतिशबाजी की लाडली बहन योजना के अंतर्गत अविवाहित महिलाओं को शामिल न करने के कारण उनमें निराशा देखी जा रही थी जबकि अविवाहित महिलाओं को आर्थिक सहायता की अत्यन्त आवश्यकता है । इस सम्बंध में सखी मंच ने मुख्यमंत्री और महिला बाल विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर अविवाहिताओं को योजना में शामिल करने की मांग की थी । रखी मंच व्दारा लिखे गये पत्र और प्रत्यक्ष भेंट का ही परिणाम है कि प्रदेश के मुख्य मंत्री शिवराज सिंह ने जबलपुर एक कार्यक्रम के दौरान 21 से अधिक की अविवाहिताओं को भी लाडली बहना योजना में शामिल कर लिया है। इस खबर को 4 सितंबर को दोपहर मेट्रो में प्राथमिकता से प्रकाशित किया गया था। सखी मंच अध्यक्ष ऊषा अग्रवाल सरोजअग्रवाल रेखा शर्मा अनीता अवस्थ अर्चना मिश्रा नन्दा ठाकुर उर्मिला रघुवंशी माधवी राठौर प्रेरणा अग्रवाल संगीता मालवीय मनोरमा मालवीय आभा अग्रवाल ने बताया कि आज अधिकांश अविवाहित महिलाएं किन्हीं दूसरे लोगों पर आश्रित होकर अपना जीवन काट रही हैं या फिर मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन निर्वाह कर रहीं हैं ।

**दोपहर मेट्रो की खबर का हुआ असर**





फोटो सिवनी मालवा लाडली बहन योजना में अविवाहित महिलाओं को शामिल करने पर आतिशबाजी करते सखी मंच की कार्यकर्ता।



मेट्रो एंकर | मापदंड के कारण अविवाहित महिलाएं निराश, नियम बदलने की मांग

लाड़ली बहना योजना से अविवाहित महिलाएं वंचित

#### 25-50 आयु की कई महिलाओं को नहीं मिल रहा था लाभ

शहर की हर गली चौराहों पर दो-तीन ऐसे प्रकरण मिल जाते हैं जहां 25 से 50 वर्ष की आयु के बीच की अविवाहित महिलाओं को लाडली बहना योजना का लाभ नहीं मिल रहा है । ग्रामीण अंचल में भी ऐसी महिलाओं की कमी नहीं है । लाचारी, मजबूरी, विकलांगता या फिर अन्य कोई ऐसी परिस्थिति रही हो जब उनका विवाह नहीं हो पाया अविवाहित रहते हुए ऐसी महिलाओं को लाडली बहना योजना के लाभ से वंचित रखा गया है । ऐसे सैंकड़ों प्रकरण हैं जिन्हें मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलना चाहिये था मुख्यमंत्री ने सखी मंच की इस मांग को स्वीकार करते हुए महिलाओं को लाडली बहन योजना में शामिल करना एक अत्यंत ही उदारपूर्ण और मानवीय सेवा का परिचायक है।

# रावतपुर सरकार की गुरूचरण पादुकाओं की होगी स्थापना

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

मां नर्मदा के तट पर ग्राम बुंडारा कलॉ स्थित रावतपुरा सरकार आश्रम के माध्यम से क्षेत्र में सुख, शांति, समध्दि और धर्म प्रसार के लिए आश्रम के 86 भक्तों नें रायपुर (छत्तीसगढ़) से श्रीरावतपुरा सरकार की चरण पादुका लाकर स्थापित कीं । रायपुर पहुंचे सभी भक्तों ने तीर्थ दर्शन और श्रीगणेश जी का एक लाख अर्चन अनुष्ठान में भी भाग लिया।श्रीरावतपुरा सरकार आश्रम के प्रभारी नर्मदा परिक्रमावासी धीरज सुधाकर गौर ने बताया कि संत शिरोमणि श्री रविशंकर जी रावतपुरा सरकार के भक्तों ने समूचे क्षेत्र के सुख शांति समृद्धि के संकल्प के साथ आवलीघाट से श्री रावतपुरा सरकार आश्रम रायपुर (छत्तीसगढ़) तक तीर्थ दर्शन यात्रा की । बुंडारा कलॉ आश्रम की ओर माताओं, बहनों और गुरु भक्तों को पूर्णतः निःशुल्क गुरुदर्शन, श्री गणेश एक लाख अर्चन अनुष्ठान में सम्मिलित कराकर तीन दिवसीय तीर्थ यात्रा कराई गई । रायपुर से गुरु चरण पादुका लाकर बुंडारा के आश्रम में उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई । इस तीर्थ यात्रा में मुख्य रूप से सुनील दुबे, मोहन गुबरेले, हेमचंद्र कश्यप, अनिल अवस्थी, आनंद गौर, वरेण्यम गौर, प्रहलाद गुर्जर, मुकेश रघुवंशी, जसवंत रघुवंशी, मंजूलता विनोद गौर, अशोक गौर, दामोदर गौर, किरण गौर, अनिता गौर सहित बड़ी संख्या में अनेकों ग्रामों से उपस्थित गुरु भक्तों ने भाग लिया ।

## कैम्प लगाकर भरवाए जा रहे लाडली बहना आवास एवं सिलेण्डर रिफिलिंग योजना के फॉर्म

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाडली बहनों को पक्के मकान की सौगात देने मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना तथा 450 रूपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने के लिए सिलेण्डर रिफिलिंग योजना शुरू की गई है। सभी ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर महिलाओं से योजनाओं के फॉर्म भरवाए जा रहे है। पंजीयन के लिए लगाए जा रहे कैम्पों के दौरान महिलाओं में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं पंजीयन कराने कैम्पों में पहुंच रही है। सिलेण्डर रिफिलिंग योजना के तहत गैस सब्सिडी के लिए अब तक जिले में कुल 21809 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# वयोश्री योजना में उपकरण पाकर खुश हुए दिव्यांगजन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आज देश के 74 शहरों में वयोश्री योजना के अंतर्गत चिन्हित दिव्यांगजनो के लिए निःशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण शिविर आयोजित किया गया। नर्मदापुरम जिले में विधायक सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन जय स्तंभ चौक पर संपन्न हुआ आयोजित शिविर में कुल 68 हितग्राहियों को सामग्री जैसे चश्मे, वाकर, व्हीलचेयर, कमोड व्हीलचेयर, डिजिटल हियरिंग ऐड, स्टिक, बेशाखी का वितरण किया गया। उपकरण पाकर सभी हितग्राही बेहद खुश हुए। प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी पॉइंट पर जाकर फोटो ली, सामग्री का वितरण एलिम्को कंपनी ,सीआरसी भोपाल एवं डीडीआरसी के सहयोग से सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नर्मदापुरम द्वारा वितरण करवाया गया। कार्यक्रम में पंकज चौरे नगरपालिका अध्यक्ष इटारसी ,निर्मल राजपूत उपाध्यक्ष नगरपालिका इटारसी, उपसचिव सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय , उप संचालक सामाजिक न्याय नर्मदापुरम, सीएमओ इटारसी , एलिम्को कानपुर से महेश , सीआरसी भोपाल से श्रीमति पूनम सचदेव आदि की उपस्थिति रही।

# मतदान थीम आधारित बेस्ट सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिला निर्वाचन नीरज कुमार सिंह एवं स्वीप नोडल एस एस रावत के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के अग्रणी महाविद्यालय अंतर्गत सभी महाविद्यालय में विधानसभा 2023 अंतर्गत मतदान थीम आधारित बेस्ट सेल्फी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहित होकर भाग लिया, इसका मुख्य उद्देश्य सशक्त मजबूत लोकतंत्र में सभी मतदाताओं की भागीदारी शत प्रतिशत मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित करना है। साथ ही 18 वर्ष के प्रत्येक मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं,मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है एवं इस प्रकार के मतदान जागरूकता संबंधी विचार लोगों को मतदान के महत्व को समझने में मदद करता है एवं स्वीप कैलेंडर अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम निरंतर किए जा रहे हैं।



## आवेदकों ने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

# मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का हुआ त्वरित समाधान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के किसानों, युवाओं, बेटियों, महिलाओं सहित हर वर्ग के उत्थान और उनके जीवन को खुशहाल बनाने के लिए अनेक सार्थक जनकल्याणकारी योजनाओं संचालित की हैं। उन्होंने योजनाओं के सफल संचालन के साथ ही अंतिम पात्र व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ भी पहुंचे यह सुनिश्चित किया हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेशवासियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही उनकी समस्याओं को भी दूर करने में दिन रात लगे हुए हैं। नर्मदापुरम जिले के नागरिकों द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान को समस्याएं भेजी जाती हैं। उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन को प्रेषित कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए जाते हैं। विगत दिवसों में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा नर्मदापुरम जिले की लगभग 676 शिकायतों को निराकरण के लिए भेजा गया। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ तत्परतापूर्वक सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कराया गया। शिकायतों से संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा तत्काल समस्याओं का निराकरण के लिए शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क किया गया तथा उनकी समस्या का संतुष्टिपूर्वक समाधान भी किया गया।

**मेट्रो एंकर** | चयन समिति ने प्रदेश के 22 जिलों से खिलाड़ियों का चयन किया

# नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में नमन का हुआ चयन

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

जिला फुटबाल संघ नर्मदापुरम से सब जूनियर बालक अंडर 15 नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता आंध्र प्रदेश के लिए नमन चौधरी तथा कोच में सुमित कनौजिया का नेशनल टीम में चयन हुआ।मध्य प्रदेश के सचिव अमित देव रंजन के निर्देश पर 9 से 23 सितंबर2003 तक सिवनी छपारा में 35 सदस्यों का कैंप आयोजित किया गया था। नेशनल मैच का आयोजन आंध्र प्रदेश में 26 सितंबर 2023 से 10 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा। मध्य प्रदेश की चयन समिति के द्वारा मध्य प्रदेश के सभी जिलों से 22 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमें न्यू यार्ड, इटारसी के नमन चौधरी को मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है, साथ ही मध्य प्रदेश टीम को खिलाने हेतु पचमढ़ी के सुमित कनौजिया को मुख्य कोच का प्रभार दिया गया। टीम के इटारसी पहुंचने पर नमन चौधरी,कोच सुमित कनौजिया के साथ पूरी टीम का स्वागत फूल मालाओं द्वारा किया गया। दोनों के चयन पर मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जी.के. श्रीवास्तव,सचिव अमित देव रंजन एवं नर्मदापुरम जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया,नर्मदापुरम जिला फुटबाल संघ के सचिव दीपक परदेसी,संरक्षक गुंडन पांडे,सत्यम् अग्रवाल, कपिल फौजदार,अश्विनी मालवीय,प्रीतम तिवारी,चिन्ना राव, भूषण कनौजिया,जीतेंद्र रैकवार,अक्षत तिवारी, रोहित रैकवार,मितेश, अंकुश मसीह, रविंद्र चौधरी ने उन्हें बधाइयां प्रेषित की।



## राज्य सूचना आयोग के निर्देश पर जिला पंचायत ने की कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग के निर्देश पर जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत नर्मदापुरम के पूर्व पंचायत निरीक्षक हरिप्रसाद बरेले के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से 1 वर्ष की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश जारी किए गए। सूचना के अधिकार अधिनियम के एक प्रकरण में पंचायत निरीक्षक हरिप्रसाद बरेले द्वारा आवेदक को समय पर जानकारी नहीं दी गई। जिसको लेकर आवेदक द्वारा राज्य सूचना आयोग में सेकंड अपील दर्ज कराई गई थी। आयोग द्वारा इस प्रकरण पर सुनवाई करते हुए जनपद पंचायत नर्मदापुरम के लोक सूचना अधिकारी पंचायत निरीक्षक हरिप्रसाद बरेले को दोषी पाते हुए उन के खिलाफ अधिनियम की धारा 20(2) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश जिला पंचायत को दिए थे।





देश ने किया नारी शक्ति को वंदन
मोदी जी का अभिनंदन
नारी शक्ति वंदन अधिनियम
लोकसभा-विधानसभा में
महिलाओं को 33% आरक्षण
D-11119/23
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी/2023

### 4 घंटे के बाद मामले में हुई सुलह, वाहन चालक हुए परेशान

# मजदूरों को ग्राम बगरोदा से बाहर जाने से रोकने पर भड़के मजदूर किया चक्काजाम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रविवार को ग्राम बागरोदा में मजदूर वर्सेस किसान के बीच में विवाद की स्थिति पैदा हो गई। गांव कुछ किसानो पर तानाशाही दिखाने के आरोप मजदूरों लगाते हुए कहा कि हमें दूसरे गांव में मजदूरी पर जाने से रोक दिया और जो व्यक्ति हम मजदूरों को अपने यहां पर फसल कटवाने के लिए लेने आया तो उसके साथ मारपीट करते हुए दबंगई दिखाई ओर ट्रैक्टर को रोक दिया इस बात से नाराज होकर गांव के मजदूरों ने विरोध करते हुए सड़क पर बैठ चक्का जाम कर दिया मजदूरों ने सिरोंज- बीना हाईवे रोड पर ग्राम बगरोदा की बस स्टैंड पर अपना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया जिसकी सूचना लगने पर पुलिस पहुंची पर प्रदर्शनकारी वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने पर अड़े हुए थे और अपनी मांग पूरी नहीं होने तक हटाने को तैयार नहीं थे काफी देर के बाद थाने पहुंचकर दोनों पक्षों के बीच में समझौता हुआ और मजदूरों को अपने हिसाब से मजदूरी करने के लिए कहीं भी जाने का अधिकार है इस बात पर सहमति हुई बड़ी मुश्किल के बाद मामला शांत हो पाया, चार से पांच घंटे तक गतिरोध चला रहा। लोकतंत्र में सबको अपने हिसाब से कम करने का अधिकार है। इस तरह से कोई भी किसी को तानाशाही से अपने हिसाब से सभी को अपने हिसाब से काम करने का पूरा हक है। मजदूरों को कहीं पर कम पर जाने से रोक नहीं सकता है।





### जाम से वाहन चालक हुए परेशान

मजदूर और किसानों के बीच में हुए विवाद के कारण वाहनचालकों को जरूर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा मार्ग के दोनों और यात्री बसों से लेकर निजी वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई दो पहिया वाहनों को भी छक्का जाम पर बैठे मजदूरों में जाने नहीं दिया इधर इनको समझाएं देने के लिए पहुंची पुलिस से भी उनकी तीखी नौकरी हुई और कई कार्रवाई की मांग पर मजदूर लदे हुए थे बड़ी मुश्किल से मजदूर थाने पहुंचे वहां पर जाकर मामला शांत हुआ इसके बाद वाहन चालकों को अपने कर्तव्य की ओर जाने का रास्ता मिल पाया।

### गांव में देते हैं कम मजदूरी

गांव के मजदूरों में बताया कि हमें तसल्ली दम से सुरेंद्र अहिरवार अपने गांव मजदूरी पर ले जाने के लिए आया पर गांव के किसान ने हमें वहां पर जाने से रोक दिया और कहा कि हमारे यहां पर ही कम पैसों में मजदूरी करनी पड़ेगी गांव से बाहर मजदूरी पर नहीं जाने दिया जाएगा गांव में डेढ़ सौ रुपए मजदूरी दी जाती है । गांव से बाहर हमें 300 मिलते हैं इसलिए हम लोग बाहर मजदूरी करने जाते हैं।

### इनका कहना है -

मजदूरी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया चक्का जाम भी खत्म करवा दिया था।

**संदीप सिंह पावर**, थाना प्रभारी सिरोंज

### चक्काजाम में महिला भी हुई शामिल

मजदूरों को दूसरे गांव पर मजदूरी पर जाने से रोकने पर महिलाएं भी पहले तो सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करती रही उसके बाद सभी थाने भी पहुंची चक्का जाम के दौरान अधिकांश मजदूर नारे लगा रहे थे हमें हमारा अधिकार चाहिए लोकतंत्र में सबको अपने हिसाब से कम करने का अधिकार है इस तरह की तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी दूसरी ओर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष ,युवा मजदूर थाने भी पहुंचे जहां पर मजदूर किसान पर प्रकरण दर्ज करवा कर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इसके चलते काफी देर तक थाने में भी मजदूरों की भीड़ जमा रही फिर जैसे तैसे मामले मैं समझौता करवाने के लिए दोनों पशुओं से लोग सक्रिय हुए मजदूर वर्ग के लोगों से बातचीत की काफी देर की चर्चा के बाद मजदूर शांत हुए और लिखित में अपनी मांग पूरी करने का किसी भी तरह से उन्हें कहीं भी जाने से रोकने का काम नहीं किया जाएगा इस तरह की गलती दोबारा नहीं होगी इस बात को लेकर सहमति बनी लिखित में मजदूरों ने लिया तब जाकर गतिरोध शांत हुआ और मजदूरों का गुस्सा शांत हुआ इसके बाद सभी अपने-अपने घरों को लौट गए दूसरी और मामले में सुलह करने के लिए कई लोगों ने प्रयास किया प्रशासन ने भी दोनों पक्षों को समझने का प्रयास किया उसी का नतीजा है कि बड़ा हंगामा शांत हो गया।



## जैन समाज के पयुर्षण पर्व पर जैन पचखनी मंदिर में वार्षिक अभिषेक शांतिधारा फूलमाल का भव्य आयोजन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

जैन समाज के दषलक्षण पर्व सिरोंज के पांचो जैन मंदिरों में धूमधाम से मनाए जा रहें है। जिसमें प्रतिदिन विधान,शाति धारा,अभिषेक एंव आरती के साथ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। दिगम्बर जैन पचखनी मंदिर में धूप दषमी विषेष कार्यक्रम के अंतर्गत वार्षिक अभिषेक,षांतिधारा एवं भव्य फूलमाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया जो सांगानेर विद्वान आधीष शास्त्री एंव संयम शास्त्री के मंगल निर्देषन में किया गया। इस अवसर पर विद्वान आधीष शास्त्री ने कहा कि धूप दशमी व्रत विशेष रूप से जैन महिलाएं हर वर्ष इस व्रत को करती हैं धूप दशमी व्रत को विधिपूर्वक करने से मनुष्य के सारे अशुभ कर्मों का क्षय होकर पुण्य तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। जैन साधर्मियों ने सुगंध दशमी व्रत कथा पढ़ने के साथ-साथ सभी जैन मंदिरों में जिनवाणी के सम्मुख चंदन, लौंग की धूप अग्नि को अर्पित करके धूप खेवन पर्व मनाया। वही विद्वान संयम शास्त्री सांगानेर ने इस पर्व पर विशेष प्रवचन करते हुये कहा धूप दशमी के दिन हिसा, झूठ, चोरी, कुशील तथा परिग्रह इन पांच पापों के त्याग रूप व्रत को धारण करते हुए चारों प्रकार के आहार का त्याग मंदिर में जाकर करना चाहिए। इस कार्यक्रम में विषेष रूप से पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,मंत्री प्रवीण जैन,सौरभ जैन गुलाबगंज,राजेष जैन भूपत,जितेन्द्र जैन बब्लू,संजय जैन सियलपुर,पवन जैन टीले वाले आदि वरिष्ठ समाजसेवियों के अलावा अन्य समाजजन उपस्थित रहें।



## बेटी दिवस पर हुआ वार्ड 19 में कार्यक्रम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रविवार को बेटी दिवस पर बेटियों के सम्मान में वार्ड क्रमांक 19 रावजी पथ शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें न.पा.उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ एवं पार्षद प्रतिनिधि बलजीत यादव ने छात्रावास की बेटियों का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर एवं मिठाई खिलाकर बेटियां का सम्मान करते हुए कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है पुरुषों के बराबर बेटियां कम कर रही हैं देश का नाम भी रोशन कर रही है। इस अवसर पर छात्रावास अधिक्षिका राहत जहाँ एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### जन्मदिन...



सिरोंज। पत्रकार महासंघ के वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र रघुवंशी का पत्रकार महासंघ की और से निजी होटल में जन्म दिन मनाया गया इस अवसर पर संघ के सभी पत्रकार उपस्थित रहे।

# विकास की गारंटी है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह : क्षेत्र के विकास में नही छोड़ेंगे कोई कोर कसर : उमाकांत शर्मा

## दस करोड़ के विकास कार्यो की दी सिरोंज वासियो को सौगात

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा चुनाव की आचार सहिंता लगने से पहले विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर को विकास कार्यो की सौगातें दी। उत्कृष्ट मार्ग स्थित भेरोबाबा सब स्टेशन पर आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में उन्होंने करीब दस करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमे साढ़े सात करोड़ रुपये से अधिक के सीसी सड़को के निर्माण कार्य सहित अमृत 2-0 योजना अंतर्गत अलीगंज पर उद्यान एवं कैथन नदी का जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य शामिल है।

शनिवार को राधा अष्टमी के अवसर पर विधायक उमाकान्त शर्मा ने नगरपालिका के माध्यम से शहर के 21 वार्डो के अन्तर्गत होने वाले विकास कार्यो की नींव रखी। इसके अलावा उन्होंने करीब ढाई करोड़ की लागत से विधुत विभाग द्वारा 33 के व्ही फीडर पर सिरोंज एवं देवपुर फीडर क्षेत्र के बिजली के उपभोक्ताओं को वोल्टेज एवं हेवी लोड संबधी समस्याओं से निजात दिलाने किए जा रहे प्रयास शामिल हैं। दोनों विभागों के अंतर्गत होने वाले विकास कार्य की शुरुआत करने के लिए उन्होंने राधाकुंड परिसर को जाने वाले मार्ग का ही चयन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। विधायक उमाकान्त शर्मा ने कन्या पूजन कर सिरोंज के नागरिकों के लिए करीब सात करोड़ सत्ताईस लाख की लागत से बनने वाले पार्क,नाले एवं सीसी सड़कों का भूमिपूजन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से बलजीत यादव आदि कार्यकर्ताबन्धु उपस्थित रहे।



सर्वसुविधायुक्त होगा लक्ष्मीकांत शर्मा उद्यान - कार्यक्रम के दौरान करीब साढ़े सात करोड़ की लागत राशि से बनने वाले छब्बीस विकास कार्यो का विधायक शर्मा ने भूमिपूजन किया। इसमें प्रमुख रूप से निकाय योजनांतर्गत वलेजा पेट्रोल पंप से लेकर छतरी नाके तक एक करोड़ दस लाख की लागत से कायाकल्प योजना के अंतर्गत हो रही सड़क चौड़ीकरण के दोनों ओर पानी निकासी के लिए नाला निर्माण किया जाएगा। इस मार्ग पर पानी की निकासी नही होने से परिवारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है अपनी पीड़ा से उन्होंने विधायक शर्मा को अवगत कराया था। इसके अलावा अमृत 2-0 योजना के अंतर्गत करीब एक करोड़ सत्तर लाख की लागत से कैथन नदी का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्य के विकास कार्य किए जाएंगे। जिससे नागरिको को नदी किनारे साफस्वच्छ स्थान मिल सके। इसी तरह अमृत 2-0 योजना से भैरव पठार अलीगंज पर करीब अठत्तर लाख की लागत से पूर्व मंत्री स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा के नाम पर सर्व सुविधायुक्त उद्यान बनाया जाएगा।

### सड़कों एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन किया

इसी तरह नगर की जल निकासी की एक प्रमुख समस्या का निराकरण करते हुए विधायक शर्मा ने तलैया मोहल्ले से होकर टाकीज चौराहे के नीचे से निकले बहुत पुराने नाले को पक्का आरसीसी किए जाने की भी नींव रखी इसके साथ इस पर रेलिंग भी लगाए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा उन्होंने वार्ड क्रमांक दो,तीन,पाँच, छह,सात,आठ, दस,बारह,तेरह, चौदह, पंद्रह, सोलह,सत्रह,बीस वार्डों में सीसी सड़को एवं नाली निर्माण के कामों के भूमिपूजन किए। फाल्ट होने पर भी चालू रहेगी पूरे शहर की सप्लाई - कार्यक्रम के दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि बोल्टेज एवं ओवरलोड हो जाने के साथ साथ एक सब स्टेशन में फाल्ट हो जाने से आधे शहर की सप्लाई बंद हो जाती थी वही देवपुर फीडर के आखिरी गाँव तक वोल्टेज बहुत कम हो जाते थे ऐसे में हमनें विधुत की सप्लाई व्यवस्था में आधुनिक तकनीक के माध्यम से यंत्र लगाकर एवं नई हेवी लाइन विछाकर बोल्टेज ओर बिजली के लोड को सुधारने कि दिशा में काम किया है। विभाग के एई सुशील समेले ने जानकारी देते हुए बताया विधायक उमाकांत शर्मा जी की योजना और प्रयासों से करीब एक सौ पैतीस करोड़ रुपये की लागत से भैरो बाबा सब स्टेशन से लिंक रोड के उप केंद्र तक 33 केव्ही की साढ़े छह किलोमीटर लंबी इंटरकनेक्शन केवल से आपस मे जोड़ा जाएगा। अभी अगर फाल्ट हो जाने से एक फीडर बंद हो जाता है तो आधे शहर की विधुत सप्लाई बंद हो जाती है लेकिन यह इंटरकनेक्शन केवल डल जाने से किसी भी फीडर पर फाल्ट होने पर चालू फीडर से सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा सिरोंज ओर बगरोदा फीडर पर करीब तीस लाख रुपये की लागत के दो पंद्रह सौ कैपिसिटी बैंक लगाए जाएंगे जिनसे उपभोक्ताओं की वोल्टेज एवं लोड संबंधी समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। इस कार्य के हो जाने से ढाल बाजार, सर्राफा बाजार, पंचकुइयां, गणेश पथ, रावजी पथ, चाँदनी चौक, तहसील, अस्पताल, रॉयल सिटी, यूनिवर्सिटी, महामाई मंदिर इलाकों में रहने वाले नागरिकों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा 132 केव्ही की सिरोंज के बगरोदा फीडर से देवपुर तक करीब 74 लाख की लागत से साढ़े सत्रह किलोमीटर की केवल क्षमता में वृद्धि की जा रही है जिससे फीडर से जुड़े हुए आखिरी गाँव तक भी सिंचाई के लिए भरपूर वोल्टेज के साथ भरपूर बिजली मिल सकेगी। इसमें पिपलियाहाट, अबुआधाना, आँधारेला, आमखेड़ा, सरेखों, सांकला हवेली, मुढ़रा धर्मू, मुगलसराय, बांसखेड़ी, कंसी, प्यासी, बाबुलखेड़ी, असदखेड़ी, सालरी, झंडवा इत्यादि गाँवो के किसानों को सीधा फायदा मिलेगा।

**मेट्रो एंकर** | नाजायज संबंधों के चलते पति को उतारा मौत के घाट

# पत्नी ही निकली पति की हत्यारिन दीपना खेड़ा पुलिस ने किया खुलासा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

दीपना खेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम हिनोतिया में पिछले दिनों राजवीर यादव की हत्या हो गई थी इस घटना को पत्नी राजेश बाई ने आजम दिया था पर हत्या को ऐसा रूप दिया गया किसी के साक ना हो क्योंकि मृतक के भाई मैं जमीन को लेकर विवाद हो रहा था ऐसा रंग देने का प्रयास मृतक की पत्नी राजेश बाई ने दिया जिसक खुलासा दीपना खेड़ा पुलिस ने किया। एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इसकी पत्नी का चाल चरित्र भी ठीक नहीं था इसकी जानकारी पुलिस को गांव वालों के द्वारा दी गई साथ ही मृतक की पत्नी ने अपने भाई से फोन पर 36 बार बात की जिस रात को राजवीर की हत्या की गई उसे रात में राजवीर ने पत्नी के साथ किसी और व्यक्ति को देख लिया था उसे बात से गुस्सा होकर वहां घर छोड़कर चला गया तो और बोला मैं मर जाऊंगा कुछ खाऊंगा इसका पीछे करते हुए महिला भी वहां पहुंची तो देखा कि वह मरने को तैयार था पत्नी को डर लगाकर कहीं मैं ना फस जाऊं इसलिए उसने कुल्हाड़ी से सर पर हमला करते हुए पति मौत के घाट उतार दिया खून में साने कपड़े भी जलाने के प्रयास किया पर गीले होने कारण नहीं जल पे एसडीओपी ने बताया कि सभी पहलुओं पर कम किया इसके बाद खुलासा हुआ कि इसका पति सीधा था कई अन्य लोगों से पत्नी के संबंध थे इसी की जानकारी लगने पर पति ने इसका विरोध किया तो उसको मौत के घाट उतार दिया और घटना को ऐसा रूप दिया कि किसी को शक ना हो क्योंकि जमीन को लेकर भाइयों विवाद चल रहा था । थाना




प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों, एसडीओपी के मार्गदर्शन में कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए घटना का खुलासा किया पत्नी पर 302 का भी प्रकरण दर्ज किया गया।

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ
विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

### चीन के हांगझोउ में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

# ऐश्वर्य प्रताप, दिव्यांश सिंह और रुद्रांक्ष ने देश को पहला गोल्ड मैडल दिलाया

**हांगझाऊ, एजेंसी**

**19वें एशियन गेम्स के दूसरे दिन सोमवार को भारतीय एथलीट्स ने एक गोल्ड समेत 4 मेडल जीते। चीन के हांगझोउ में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह, दिव्यांश सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने देश को पहला गोल्ड मेडल दिलाया। तीनों ने 1893.7 स्कोर कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1893.3 स्कोर के साथ चीन के नाम था।**

इसके अलावा, ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने इंडिविजुअल 10 मीटर एयर राइफल में ब्रॉन्ज अपने नाम किया। रोइंग में भी आज भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। इसके साथ भारत को अब तक एक गोल्ड, 3 सिल्वर, 5 ब्रॉन्ज पदक मिल चुके हैं। अब आज देखना होगा कि भारत कितने मेडल पर कब्जा जमा पाता है।



**शूटिंग- एक गोल्ड, एक ब्रॉन्ज** सुबह सबसे पहले 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट हुआ। इसमें दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और रुद्राक्ष पाटिल ने शूटिंग टीम इवेंट में भारत के लिए गोल्ड जीता है। 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भारतीय तिकड़ी ने 1893.7 पॉइंट स्कोर किए। कोरिया गणराज्य 1890.1 स्कोर के साथ दूसरे और चीन 1888.2 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहा।इसके बाद ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत इवेंट में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। यह भारत का 9वां और दूसरे दिन चौथा मेडल है। फाइनल में रुद्रांश पाटिल चौथे नंबर पर रहे और मेडल जीतने से चूक गए। इस इवेंट में चीन को गोल्ड और साउथ कोरिया को सिल्वर मेडल मिला। इस तरह शूटिंग इवेंट्स में भारत को अब तक 4 मेडल मिल चुके हैं। इसमें एक गोल्ड, एक सिल्वर, दो ब्रॉन्ज।

**रोइंग में दो ब्रॉन्ज भी मिले:** रोइंग में आज दो ब्रॉन्ज मेडल मिले। मेंस-4 फाइनल में जसविंदर, भीम, पुनित और आशीष ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। इसके अलावा, मेंस क्वाड्रपल स्कल्स इवेंट में सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, सुखमीत सिंह ने देश के लिए मेडल लेकर आए। इस तरह रोइंग में देश को एक सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज मेडल मिल चुके हैं। इससे पहले भारत ने पहले दिन 5 मेडल जीते थे। रोइंग में तीन व शूटिंग में दो मेडल मिले थे। रोइंग में दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल थे। रोइंग के लाइट वेट डबल्स स्कल इवेंट में अर्जुन लाल जाट व अरविंद सिंह की जोड़ी ने सिल्वर दिलाया था। वहीं भारतीय पुरुष टीम ने मेंस-8 इवेंट में दूसरा स्थान हासिल करते हुए सिल्वर जीता। मेंस पेयर के फाइनल में बाबूलाल यादव और लेखराम की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही थी। शूटिंग में 10 मीटर एयर राइफल में मेहुली घोष, रमिता और आशी चौकसी की टीम 1880.0 स्कोर के साथ सिल्वर जीता था।

### राइफल शूटिंग

भारतीय निशानेबाज आज भी देश को मेडल दिला सकते हैं। पहले दिन इस खेल से दो मेडल आए थे। आज मेंस 10 मीटर एयर राइफल के टीम और इंडीविजुअल इवेंट हैं और 25 मीटर पिस्टर रैपिड फायर के इवेंट होंगे। इनमें मेडल आ सकते हैं। पुरुषों के सिंगल स्कल में भारत के बलराज पंवार चौथे स्थान पर रहे।

**विमेंस क्रिकेट** - भारतीय महिला टीम गोल्ड मेडल दिला सकती हैं। फाइनल में टीम इंडिया का सामना श्रीलंका से होगा। टी-20 फार्मेट में भारतीय टीम श्रीलंका को 23 में से 18 दफा हरा चुकी है। ऐसे में टीम इंडिया के गोल्ड जीतने के पूरे चांस हैं।

## भारतीय महिला टीम 19वें एशियन गेम्स के विमेंस क्रिकेट के फाइनल में



भारतीय महिला टीम ने 19वें एशियन गेम्स के विमेंस क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम इंडिया ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया। इस जीत से भारत का क्रिकेट में एक मेडल पक्का हो गया है। गोल्ड मेडल मैच भारतीय टीम का मुकाबला सोमवार को दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच आज इसी मैदान पर खेला जाएगा। चीन के होंगजोऊ शहर में बांग्लादेशी टीम टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 51 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने 8.2 ओवर में दो विकेट पर टारगेट अचीव कर लिया। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने अपने कोटे के चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट हासिल किए। पूजा ने एस रानी, शमीमा सुल्ताना, एस मोस्तारी और रितू मेनी को पवेलियन की राह दिखाई। पूजा की गेंदबाजी की बदौलत भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 51 रनों पर समेट दिया।

**रोड्रिग्ज ने बनाए सबसे ज्यादा 20 रन:** 52 रनों का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान स्मृति मंधाना (7 रन)और शेफाली वर्मा (20 रन) ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने 19 रन जोड़ी। बाकी का काम जेमिमा रोड्रिग्ज ने 20 रनों की पारी खेलकर कर दिया। जेमिमा रोड्रिग्ज के बल्ले से विजयी रन आया। उन्होंने शोरना अख्तर की बॉल पर 2 रन लेते हुए इंडिया को जीत दिलाई।

**इधर, श्रीलंका ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया:** एशियन गेम्स महिला क्रिकेट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला पाकिस्तान व श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। श्रीलंका ने इस मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 75 रन ही बना सकी।



### मेट्रो बाजार

## 30 सितंबर है दो हजार के नोट बदलने की आखिरी तारीख

### कई और जरुरी कामों की तारीख भी इस माह

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इस महीने की आखिरी तारीख यानी 30 सितंबर कई जरूरी काम निपटाने की आखिरी तारीख है। आरबीआई ने 2000 रुपए के नोट वापस लेने के ऐलान किया है। आरबीआई ने 30 सितंबर तक 2000 के नोट बैंकों में बदलने या अकाउंट में जमा करने को कहा है, लेकिन यह भी कहा है कि यह इसके बाद भी लीगल रहेगा। ऐसा सिर्फ लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए है, ताकि वे यह नोट बैंकों को वापस करें।अगर आपका पब्लिक प्रोविडेंट फंड या सुकन्या समृद्धि योजना में अकाउंट है तो 30 सितंबर तक आधार नंबर पोस्ट ऑफिस या बैंक में अपडेट कराना होगा। इसके अलावा इस महीने डीमैट अकाउंट में नॉमिनी जोड़ने का भी आखिरी मौका है। हम आपको ऐसे ही 4 कामों के बारे में बता रहे हैं जो इस महीने के आखिर तक निपटाने हैं। स्मॉल सेविंग्स स्कीम अकाउंट है तो आधार नंबर की जानकारी दें। अगर आपने भी पब्लिक प्रोविडेंट फंड, सुकन्या समृद्धि योजना, पोस्ट ऑफिस और अन्य छोटी बचत योजनाओं में निवेश किया है तो 30 सितंबर तक आधार नंबर पोस्ट ऑफिस या बैंक में अपडेट कराना होगा। अगर आपने यह काम नहीं किया तो आपके निवेश पर रोक लग सकती है और अकाउंट फ्रीज किया जा सकता है। यदि किसी जमाकर्ता ने पहले ही खाता खोल लिया है और आधार नंबर बैंक या पोस्ट ऑफिस में नहीं दिया था, तो उसे 1 अप्रैल 2023 से 6 महीने के अंदर अपना आधार नंबर देना होगा। वी केयर डिपॉजिट स्कीम खत्म हो रही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने वी केयर डिपॉजिट स्कीम 30 सितंबर को खत्म हो रही है। इस स्कीम में सीनियर सिटीजंस को 5 साल या उससे ज्यादा समय के फिक्स्ड डिपॉजिट पर अतिरिक्त ब्याज दिया जाएगा। इस स्कीम में 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के डिपॉजिट पर 50 बेसिस पॉइंट्स का एक्स्ट्रा ब्याज मिलेगा।

## यामाहा की नई बाइक 400 सीसी में हुई लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यामाहा मोटर इंडिया ने ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में चल रहे मोटोजीपी इंडियन ग्रांड प्रिक्स में अपनी अपकमिंग बाइक को शोकेज किया है। कंपनी दोनों बाइकों को भारत में 400 सीसी सेगमेंट में उतारेगी। कंपनी नए मॉडलों को इस साल दिसंबर तक भारत में लॉन्च कर सकती है। हालांकि, कंपनी ने दोनों बाइकों को ऑफिशियली लॉन्च करने के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है। बता दें कि यामाहा भारत में पहली बार हो रहे इस रेसिंग इवेंट को होस्ट कर रहा है। यामाहा को मोटोजीपी भारत रेसिंग इवेंट में कंपनी पवेलियन में शोकेज किया गया है। ये एक ही प्लेटफॉर्म पर डिजाइन की गई हैं।



यामाहा को मोटोजीपी भारत रेसिंग इवेंट में कंपनी पवेलियन में शोकेज किया गया है। ये एक ही प्लेटफॉर्म पर डिजाइन की गई हैं। यामाहा की नई बाइक एक फुली फेयर्ड मोटरसाइकिल है, जिसका डिजाइन कंपनी की सुपर स्पोर्ट्स बाइक R7 और R1 की तरह है। दूसरी ओर MT-03 इसका नेकेड मॉडल है, जिसमें ज्यादा अपराइट राइडिंग पॉजिशन मिलती है। इसका इंजन स्पेसिफिकेशन यामाहा ने 321 सीसी का पैरेलल-ट्विन, लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया है, जो 42 एचपी की पावर और 29.5 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। इंजन को 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है और इसमें स्लिपर क्लच का फीचर भी मिलेगा है।

### तीसरा वनडे 26 सितंबर को ढाका में खेला जाएगा

## न्यूजीलैंड को 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त

**ढाका, एजेंसी**

न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 86 रन से हरा दिया। 39 रन देकर 6 विकेट लेने वाले लेग स्पिनर ईश सोढी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सोढी ने पहली पारी में 35 रन भी बनाए थे। वहीं बांग्लादेश से कोई भी प्लेयर फिफ्टी नहीं लगा सका। ढाका में जीत के साथ न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश में अपनी लगातार हार का सिलसिला तोड़ा। टीम को बांग्लादेश में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी वनडे जीत 2008 में मिली थी। इसके बाद टीम ने लगातार 7 मैच गंवाए और अब जाकर उन्हें जीत मिली है। दूसरे वनडे में जीत के साथ न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहला वनडे बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। वहीं तीसरा वनडे 26 सितंबर को ढाका में ही खेला जाएगा। 36 रन पर गंवाए 3 विकेट ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 36 रन पर ही अपने 3 विकेट गंवा दिए। फिन एलेन 12, विल यंग 0 और चड बॉव्स 14 रन बनाकर आउट हो गए। निकोल्स-ब्लंडेल ने संभाला शुरुआती विकेट जल्दी गंवाने के बाद हेनरी निकोल्स और टॉम ब्लंडेल ने न्यूजीलैंड की पारी संभाली। दोनों ने 95 रन की पार्टनरशिप की और टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। निकोल्स 49 रन बनाकर खालेद अहमद का शिकार हुए और दोनों के बीच पार्टनरशिप टूटी। निकोल्स के बाद रचिन रवींद्र भी 10 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हो गए। ढाका की धीमी पिच पर विकेटकीपर ब्लंडेल ने एक छोर संभाले रखा और फिफ्टी बनाई। वह 68 रन बनाकर आउट हुए। लोअर ऑर्डर बैटर्स ने टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। कोल मैकोन्ची ने 20, ईश सोढी ने 35, काइल जेमिसन ने 20 और कप्तान लॉकी फर्ग्यूसन ने 13 रन बनाए। ट्रेंट बोल्ट 1 रन के स्कोर पर नॉटआउट रहे। टीम ने 49.2 ओवर में 10 विकेट गंवाकर 254 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से खालेद अहमद और मेहदी हसन ने 3-3 विकेट लिए। मुस्ताफिजुर रहमान को 2 विकेट मिले, वहीं हसन महमूद और नसुम अहमद को 1-1 विकेट मिला।



### बांग्लादेश ने छठे ओवर में कप्तान का विकेट गंवाया

255 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने छठे ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान लिट्टन दास का विकेट गंवा दिया। लिट्टन 6 ही रन बना सके। लिट्टन के बाद ओपनर तमिम इकबाल ने एक एंड संभाले रखा। लेकिन उनके सामने तंजीद हसन 16, सौम्या सरकार 0 और तौहीद हृदॉय 4 रन बनाकर सस्ते में पवेलियन लौट गए। बांग्लादेश ने 70 रन के स्कोर पर ही 4 विकेट गंवा दिए। तमीम इकबाल भी 44 रन बनाकर ईश सोढी का शिकार हो गए। यहां से महमूदुल्लाह ने बांग्लादेश को संभाला, उन्होंने मेहदी हसन के साथ 42 रन की पार्टनरशिप की। लेकिन मेहदी भी 17 रन बनाकर सोढी का ही शिकार हो गए। महमूदुल्लाह भी 49 रन बनाकर आउट हुए और बांग्लादेश ने 149 रन के स्कोर पर 7वां विकेट गंवा दिया। यहां से टीम 168 रन के स्कोर तक ऑलआउट हो गई। नसुम अहमद ने 21 रन बनाए, लेकिन हसन महमुद 0, मुस्ताफिजुर 2 और खालेद अहमद 1 ही रन बना सके।

### सोढी रहे प्लेयर ऑफ द मैच

लेग स्पिनर ईश सोढी ने 39 रन देकर 6 विकेट लेकर अपना स्पेल खत्म किया। उन्होंने पहली पारी में 35 रन भी बनाए थे। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। न्यूजीलैंड से सोढी के अलावा काइल जेमिसन को 2 विकेट मिले। वहीं लॉकी फर्ग्यूसन और कोल मैकॉन्ची को 1-1 विकेट मिला।

## इंदौर में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की रिकॉर्ड जीत का मना जश्न

**इंदौर, एजेंसी**

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला इंदौर में भारत ने जीत लिया। इसके साथ ही स्टेडियम सहित पूरे शहर में आतिशबाजी और जश्न का माहौल शुरू हो गया। मैच जीतने के बाद स्टेडियम में भारत माता की जय के नारे लगे। लगातार गिर रहे ऑस्ट्रेलिया के विकेट के कारण भारत की जीत पहले से तय हो चुकी थी। इसके चलते युवाओं ने भी तैयारियां कर रखी थीं। शहर के अलग अलग इलाकों में युवाओं के हाथों में तिरंगा झंडा लहरा रहा है और जोरदार आतिशबाजी शुरू हो गई। 56 दुकान में पहुंच कर लोगों ने जश्न मनाया। भारतीय टीम को भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने ट्वीट कर बधाई दी है। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को चार सौ रन का टारगेट दिया और शानदार गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 99 रन से हराया। इतना ही नहीं, टीम ने इंदौर के होलकर स्टेडियम में अपना अजेय रिकॉर्ड कायम रखा है। मैच में दो बार बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा। ग्राउंड स्टाफ ने तुरंत मैदान को कवर किया और कवर्स के ऊपर से वाइपर के जरिए पानी हटाने का काम शुरू किया। बारिश रुकते ही दोबारा मैच शुरू हो गया। इसके पहले दोपहर में बारिश के कारण कुछ देर के लिए मैच रोका गया था। लेकिन जैसे ही इंडियन बैट्समैन क्रीज पर उतरे वे धड़ाधड़ रन बनाने लगे। मौसम साफ होने से बूंदाबांदी की उम्मीद कम थी, लेकिन देर शाम दोबारा बारिश आने के कारण मैच को रोकना पड़ा है।

### मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

## ऋषा चड्ढा बोली- 'फुकरे' ने बॉलीवुड में कॉमेडी की राइटिंग ही बदल दी

8 अक्टूबर को फुकरे-3 सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म के डायरेक्टर मृगदीप सिंह लांबा हैं जिन्होंने फुकरे और फुकरे रिटर्न्स भी बनाई थी। ऋचा चड्ढा ने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में ऑडिशन से काम जरूर मिलता है। वरुण शर्मा ने अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए इंडस्ट्री को बहुत वेलकमिंग बताया। मनजोत सिंह उर्फ लाली ने कहा कि कितनी खुशी होती है जब लोग किरदारों के नाम से बुलाते हैं। फुकरे-3 के आने पर वरुण शर्मा ने अपना एक्साइटमेंट जाहिर किया और कहा, चूंकि लोगों को फिल्म फुकरे और फुकरे रिटर्न्स इतनी पसंद आई थी कि एक्स्पेक्टेशन लाजमी है। दर्शक तीसरे भाग में लाफ्टर और मजा चाहते हैं जैसा उन्होंने फुकरे की फ्रेंचाइजी में हमेशा देखा है। इसलिए हम सब में प्रेशर से ज्यादा एक्साइटमेंट है। फुकरे-3 के नरेशन के बारे में वरुण ने बताया कि फिल्म में वही किरदार, वही माहोल, वही दिल्ली की फील है। एक नए गॉड के गिफ्ट के जरिए उनकी जिंदगी में क्या-क्या बदलाव आते हैं- ये भी बहुत रोमांचक तरीके से दिखाया है। वरुण शर्मा ने अपना फिल्मी सफर का एक्सपीरियंस शेयर किया।




बिग बॉस 15 अक्टूबर को ऑनएयर

## सलमान खान बोले- आग से खिलाएंगे, धमाका कराएंगे



बिग बॉस का 17वां सीजन 15 अक्टूबर से ऑन-एयर हो जाएगा। इस सीजन के साथ एक बार फिर सलमान खान बतौर होस्ट वापसी करेंगे। हाल ही में शो के कुछ प्रोमो वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में सलमान छोटे बालों के साथ नए लुक में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में सलमान एक बॉम्ब के तार काटने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान अपनी अपकमिंग फिल्म टाइगर 3 में भी इसी लुक में दिखाई देंगे। प्रोमो वीडियो में सलमान बॉम्ब के सामने बैठे हुए हैं और कहते हैं- अरे! ये भी कोई बॉम्ब है, इससे भी ज्यादा एक्सप्लोजिव सदस्य आएंगे। इसके बाद सलमान गलत वायर काट देते हैं और विस्फोट हो जाता है। बम विस्फोट के बाद आग से बाहर आते हुए सलमान कहते हैं- आग से खिलाएंगे, धमाका कराएंगे। दिल, दिमाग और दम का होगा ये गेम बट ये गेम सबके लिए नहीं होगा सेम! इसके बाद एक प्रोमो वीडियो में सलमान एक जासूस की भूमिका में दिखाई देते हैं।

## 'सब्जेक्ट अच्छा था इसलिए हैदर में फ्री में काम किया'



साल 2014 में रिलीज हुई विशाल भारद्वाज की फिल्म 'हैदर' से शाहिद कपूर के करियर को नई दिशा मिली थी। शाहिद ने कहा, 'मेकर्स ने मुझे फिल्म में कास्ट करने से पहले ही यह क्लीयर कर दिया था कि वो मुझे पैसे नहीं दे पाएंगे। वो मुझे अफोर्ड ही नहीं कर सकते। यह बहुत ही एक्सपेरिमेंटल सब्जेक्ट था इसलिए इसका बजट सेक्शन करवा पाना आसान नहीं था। मेकर्स ने कहा था कि अगर उन्होंने मुझे पे किया तो वो यह फिल्म ही नहीं बना पाएंगे। हालांकि, मुझे इसका सब्जेक्ट बहुत ही अच्छा लगा इसलिए मैं इसे फ्री में करने के लिए तैयार हो गया।'

### फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए मां ने किया था सपोर्ट

इंटरव्यू में शाहिद ने यह भी बताया कि यह पहली और आखिरी बार था जब उन्होंने किसी फिल्म में फ्री में काम किया था। वो बोले, 'यह बहुत ही मजेदार एक्सपीरियंस था। हालांकि, मैंने इस तरह से काम करने की आदत नहीं डाली क्योंकि घर भी चलाना है।' हैदर में शाहिद के अलावा तबु, के के मेनन, इरफान खान और श्रद्धा कपूर जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म शेक्सपियर के नाटक हैमलेट पर बेस्ड थी। इसे शाहिद के करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस में से एक माना जाता है। वर्कफ्रंट पर शाहिद की अगली फिल्म 'कोई शक' है। इस इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर को मलयालम फिल्ममेकर रोशन एंड्रयूज डायरेक्ट करेंगे। इसकी शूटिंग अक्टूबर के सेकंड वीक से शुरू होगी। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में शाहिद ने बताया कि इस फिल्म के लिए उन्होंने मेकर्स से कोई पैसा नहीं लिया था। फिल्म कम्पैनियन को दिए एक इंटरव्यू में शाहिद ने बताया कि इस फिल्म की पूरी स्टारकास्ट में सिर्फ वो ही थे जिन्होंने फ्री में काम किया था। हैदर में शाहिद कपूर के अपोजिट श्रद्धा कपूर नजर आई थीं।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो



बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोलुआ खुर्द छावनी में कल शाम एक युवक ने फांसी लगा ली। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दे दी। परिजन उसे घर ले आए फिर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। हमीदिया अस्पताल में डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल को सील कर दिया गया है। घटनास्थल की जांच एफएसएल की टीम से कराई जाएगी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

हेड कांस्टेबल बेनी प्रसाद ने बताया कि अजय सिंह पिता हनुमत सिंह (26) गांव कोलुआ खुर्द बिलखिरिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। परिजन ने बताया कि अजय ने कल शाम करीब साढ़े छह बजे घर में फांसी लगा ली थी। नजर पड़ते ही वह अजय को फांसी के फंदे से उतारकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। निराश होकर परिजन अजय को घर ले आए थे। इस दौरान किसी ने बताया कि एक बार हमीदिया अस्पताल ले जाकर देख लो। परिजन अजय को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने अजय को मृत घोषित कर दिया। हमीदिया अस्पताल से देर रात सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव मर्चूरी में रखवा दिया था।

# घर के सामने खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार चोरी

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित राज कांप्लेक्स सी सेक्टर में अज्ञात बदमाशों ने घर के सामने खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार चुरा ली। चोरी गई कार की कीमत करीब तीन लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार उत्कर्षा शर्मा पति मयंक तिवारी (31) राज कांप्लेक्स, सी सेक्टर, इन्द्रपुरी,पिपलानी में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह कास्मेटिक की दुकान का संचालन करती हैं, जबकि पति देवास में प्रायवेट बैंक में नौकरी करते हैं। उन्होंने अपनी कार मारुती सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार शनिवार रात करीब पौने 12 बजे घर के सामने रोड किनारे पार्किंग में खड़ी की थी। कार लॉक दी थी बावजूद इसके अगले दिन रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे मयंक कार निकालने के पहुंचे तो कार वहां नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई।

## छोला, ऑशिमा मॉल, गोविंदपुरा में सड़कों पर हुई भिड़ंत

# सड़क हादसों में मौत, कई घायल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**छोला मंदिर इलाके में बीती रात घर लौटते समय सायकिल से गिरकर घायल हुए युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।**

पुलिस के मुताबिक प्रकाश खंगार पुत्र हरप्रसाद (35) मूलतः कुरवाई जिला विदिशा का रहने वाला है। फिलहाल वह प्रेमनगर छोला मंदिर में रहता था और एक दुकान पर काम करता था। ब? भाई बबलू खंगार ने पुलिस को बताया कि शनिवार को प्रकाश पर काम पर जाने के लिए निकला था, लेकिन रात को वापस नहीं लौटा। काफी इंतजार करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो उसने सेठ से संपर्क किया, तब मालूम चला कि बीती रात करीब बारह बजे वह घर जाने के लिए निकल गया था। प्रकाश की तलाश करते हुए रविवार सुबह करीब छह बजे परिजन हमीदिया अस्पताल पहुंचे तो वह अस्पताल में भर्ती मिला। उसके सिर में गंभीर चोट का निशान था। डॉक्टरों ने बताया कि नशे की हालत में होने के कारण उसका इलाज नहीं हो पा रहा है, इसलिए इसे घर लेकर चले जाएं। परिजन प्रकाश को घर लेकर पहुंचे और उसे चाय नाश्ता कराया। सुबह करीब ग्यारह बजे उसकी नाक से खून



फाइल फोटो

निकलता देख परिजन इलाज के लिए डीआईजी बंगला लेकर पहुंचे। वहां से वह दूसरे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद घरवाले थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि सायकिल से गिरने से कारण उसे चोट आई थी। हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## बाइक ने स्कूटर को मारी टक्कर, महिला बुरी तरह घायल

**भोपाल।** गोविंदपुरा इलाके में बाइक की टक्कर से स्कूटर पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।




पुलिस के मुताबिक कविता शर्मा (33) बीडीए कालोनी अवधपुरी में रहती हैं। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे वह अपनी मां कांति त्रिपाठी को ई-स्कूटर पर बिठाकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रही थी। कैरियर कालेज के पहले एकता नगर जाने वाले रोड के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उनकी स्कूटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पीछे बैठी मां कांति सड़क पर गिरकर घायल हो गई। कविता ने मां को इलाज के लिए हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कोलार रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## लाल बस ने आशिमा मॉल के पास सड़क पर चल रही महिला को मारी टक्कर



**भोपाल।** मिसरोद इलाके में आशिमा माल के पास सड़क क्रास कर रही एक महिला को तेज रफ्तार लालबस ने टक्कर मार दी, जिससे महिला को गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक विकेंद्र सिंह राजपूत (18) मूलतः झांसी जिला उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। फिलहाल वह अमराई परिसर बागसेवनिया में रहता है और हनुमान नगर मिसरोद स्थित एक चाय नाश्ते की दुकान पर काम करता है। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे विकेंद्र अपनी मां केशकली बाई राजपूत के साथ लालबस में सवार होकर आशिमा माल स्थित बस स्टाप पर उतरा। उसके बाद मां-बेटे पैदल सड़क पार करने लगे, तभी भोपाल की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार लालबस ने केशकली बाई को टक्कर मार दी और मिसरोद की तरफ भाग गई। विकेंद्र ने घायल मां को इलाज के लिए एम्स अस्पताल पहुंचाया और बाद में थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# क्रेटा कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, सवारों को पीटा भी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया जोड़ पर कल दोपहर तेज रफ्तार क्रेटा कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर मारने का विरोध करने पर कार में सवार लोगों ने बाइक चालक के साथ मारपीट की और डंडे से उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने बाइक चालक की शिकायत पर आरोपी के क्रेटा कार चालक और उसके साथियों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मनोज पिता पर्वत सिंह (26) वार्ड नंबर-22, ग्राम मंडदेहरी, थाना मंडीदीप में रहता है और वहीं निजी कंपनी में भृत्य की नौकरी करता है। रविवार दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच अपनी बाइक से मामा के पास रापड़िया आ रहा था। ग्राम रापड़िया तिराहा पर पहुंचते ही उसकी बाइक को तेज रफ्तार क्रेटा कार के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मनोज बाइक समेत नीचे गिर गया। हादसे के बाद क्रेटा कार चालक रुक गया था। मनोज ने उसे ठीक सो कार चलाने का कहा तो वह भड़क गया। वह कहने लगा कि तेरी गलती है। इसके बाद गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। मनोज ने कहा कि रुक मैं अपने मामा सुरेश परमार को बुलाकर लाता हूं। इसके बाद मनोज अपने मामा और मामा का बेटा राधेश्याम समेत अपने बड़े भाई विनोद वामनिया को लेकर रापड़िया तिराहा पहुंचा। मनोज के मामा सुरेश टक्कर मारने वाली कार में मौजूद लोगों को जानते थे। वे टक्कर मारने वाले को समझा रहे थे कि उसी समय कार में मौजूद दो लोगों ने मनोज को पकड़ लिया और मारपीट करने लगे। मामा और भाइयों ने बीच बचाव किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान आरोपियों ने डंडे से हमला किया और बाइक में भी डंडे से तोड़फोड़ कर दी।



फाइल फोटो

## डोल ग्यारस पर चल समारोह निकाला





भोपाल। चौक बाजार में डोल ग्यारस पर चल समारोह निकाला गया।

# ट्राले ने कार को मारी टक्कर, बाल-बाल बचा परिवार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मिसरोद स्थित होशंगाबाद रोड पर आगे चल रही कार को ओवरटेक करते हुए एक ट्राले ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कार का काफी नुकसान पहुंचा, लेकिन उसमें सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक सुरमिन्दर सिंह (32) मालवीयगंज इटारसी जिला होशंगाबाद में रहते हैं और स्टील रेलिंग का बिजनेस करते हैं। शनिवार रात करीब साढें ग्यारह बजे वह अपनी पत्नी, बेटी और एक मित्र के साथ कार से भोपाल से इटारसी लौट रहे थे। सुरमिन्द की कार मिसरोद स्थित पटियाला हाउस के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्राला चालक ने ओवरेट करते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी।

ट्राले की टक्कर से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसने सवार सभी लोग बच गए। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्राला चालक की तलाश कर रही है।

**मेट्रो एंकर** शुलभ शौचालय का केयर टेकर कर रहा था अप्राकृतिक कृत्य

# ग्यारह साल के बच्चे से 55 साल के बुजुर्ग ने किया कुकृत्य

भोपाल, दोपहर मेट्रो

टीटी नगर थाना क्षेत्र में 11 साल के बच्चे से 55 साल के बुजुर्ग द्वारा अप्राकृतिक कृत्य किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी करीब एक महीने से बच्चे के साथ गंदी हरकत कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ अप्राकृतिक कृत्य, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 11 साल का बच्चा इलाके की एक झुग्गी बस्ती में रहता है। झुग्गी बस्ती में टायलेट नहीं है। बस्ती के लोग नगर निगम द्वारा बनाए गए सार्वजनिक शौचालय में जाते हैं। 11 साल का बच्चा भी इसी शौचालय में शौच के लिए जाता था। करीब एक महीने पहले शौचालय में केयर टेकर का काम करने वाले सुरेश सिंह उर्फपंडित (55) ने बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया था। इसके बाद वह लगातार बच्चे के साथ गंदी हरकत करने लगा था। आरोपी की हरकतों से बच्चा डरा सहमा रहने लगा था। इसी बीच परिजन को भनक लगी और परिजन ने बच्चे से पूछताछ की थी। इसके बाद उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

## शादी के सात महीने बाद ही नव विवाहिता ने लगा ली फांसी



**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित अचारपुरा में रविवार शाम एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी सात महीने पहले ही शादी हुई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया था। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसडीओपी को सौंपी गई है।

पुलिस के अनुसार पायल मीणा (23) की शादी सात महीने पहले मार्च में अचारपुरा निवासी रवि मीणा से हुई थी। रवि मीणा परिवार के साथ खेती किसानी करता है। रवि ने पुलिस को बताया कि रविवार को परिवार के सदस्य खेत पर गए थे। शाम को खेत से लौटे तो पायल का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज तहसीलदार की मौजूदगी में शव का पीएम कराया जाएगा। इसके बाद मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए जाएगे। फिलहाल आत्महत्या के कारण साफ नहीं हो सके हैं।

**ज्योतिष परामर्श**

*ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें*

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं.
7869267010
कॉलिंग नंबर
7415497010



shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022